हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–217 : जौनपुर, मंगलवार 02 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## प्रयागराज की धरती अन्याय और अत्याचार बर्दाश्त नहीं करती –योगी आदित्यनाथ

प्रयागराज ब्यूरो : प्रयागराज में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह प्रयागराज की धरती है यह अत्याचार बर्दाश्त नहीं करती है। प्रकृति न्याय जरूर करती है। अतीक और अशरफ का नाम लिए बगैर कहा कि कहा कि जो जैसा करेगा उसको वैसा ही फल मिलता है। जिन लोगों ने अन्याय किया था प्रकृति ने न्याय कर दिया। योगी ने कहा कि कुछ लोगों ने प्रयागराज की धरती को अन्याय और अत्याचार का केंद्र बना दिया था, लेकिन यह धरती सबका हिसाब बराबर करके रख देती है। कहा कि प्रकृति न अन्याय करती है न ही अन्याय और अत्याचार बर्दाश्त करती है। तुलसीदास ने रामचरित मानस में लिखा है जो जैसा कर्म करता है उसको वैसा ही फल मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में भाजपा ने सामान्य कार्यकर्ता को महापौर का प्रत्याशी बनाया है। भाजपा नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने की पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। कहा कि उत्तर प्रदेश कि पहचान कट्टे से नहीं आईटी स्किल के रूप में जानी जाएगी। 2025 का कुंभ ऐतिहासिक होगा। स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित होगा। इसके लिए अभी से लगना होगा। योगी ने कहा कि चार करोड़ लोगों को आवास, आठ करोड़ लोगों को उज्ज्वला योजना का लाभ मिला है। 220 करोड़ लोगों को कोरोना का टीका मुफ्त में लगाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा का मतलब सबका साथ और सबका विकास। भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के सबका विकास किया जा रहा है। योगी ने गिनाईं सरकार की



कल्याणकारी योजनाएं उन्होंने जनधन योजना, स्वरोजगार, कौशल विकास योजना, मुफ्त अनाज और किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं को गिनाया। साथ ही भाजपा के प्रत्याशी गणेश केसरवानी की मंच से तारफी की। कहा कि गणेश एक सामान्य कार्यकर्ता है। पार्टी ने जमीनी कार्यकर्ता को चुनाव में उम्मीदवार बनाया है। प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सांसद रीता बहुगुणा जोशी, सांसद केशरी देवी पटेल और सांसद विनोद सोनकर मंच पर पहुंच गए हैं। मंच पर पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन समेत प्रयागराज के सभी विधायक मौजूद हैं।

## साइलेंसर से सिर पर वारकर युवक को उतारा मौत के घाट : एक अन्य गंभीर रुप से घायल

गोंडा ब्यूरो : गोंडा शहर के साहबगंज सेमरा में मंगलवार को युवक पर मारपीट के दौरान हमलावरों ने बाइक साइसेंलर से वार कर दिया। पीछे से सिर पर साइलेंसर के गहरे आघात से तारिक को गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। हमले में एक अन्य किशोर को भी साइलेंसर से ही पीटा जिससे वह गंभीर रूप से घायल है। जिला अस्पताल से किशोर को लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतक के भाई आरिफ की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश तेज कर दी है। नगर कोतवाली के बड़गांव रेलवे कॉलोनी के आरिफ ने साहबगंज सेमरा में आरओ वॉटर प्लांट लगा रखा है और पानी सप्लाई का कार्य करता है। वहीं उसका भाई तारिक ठेकेदार है। मंगलवार की सुबह पानी के प्लांट से पानी लेकर अली (18) नाम का युवक साहबगंज मोहल्ले की तरफ जा रहा था। इसी बीच कुछ युवकों ने अली को रोक लिया और उसकी पिटाई करने लगे। इसी बीच उधर से निकल रहे तारिक अली को बचाने के लिए मौके पर पहुंच गया। पिटाई कर रहे युवकों को रोका तो तारिक से ही आमादा फौजदारी युवक भिड़ गए और उसे पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान हमलावरों ने तारिक के सिर पर लोहे के साइलेंसर से जोरदार प्रहार कर दिया। तारिक के गिरते ही मारपीट कर रहे हमलावरों की भीड़ भाग निकली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस



तारिक व अली को जिला अस्पताल ले गई जहां डाक्टरों ने तारिक को मृत घोषित कर दिया। जबकि अली का इलाज शुरू किया लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। मौके का निरीक्षण करने के बाद पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व सीओ सिटी विनय सिंह जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में गंभीर युवक और परिजनों ने एसपी ने बात की। शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज का कहना है कि बड़गांव के साहबगंज मोहल्ले में मारपीट में एक युवक की मृत्यु हो गई है और एक घायल है। जांच में पता चला है कि मृतक व हमलावर एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं। कुछ लोगों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। अज्ञात के खिलाफ परिजनों की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## शोध से ही मानव सभ्यता की उन्नति संभव –प्रो. अग्रवाल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह विश्वविद्यालय में पीएच.डी. कोर्सवर्क 2023 का कक्षाएं अप्रैल 2023 से संचालित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर में केंद्र संख्या तीन प्रबंध अध्ययन संकाय से शुरू हुई है । इसके तहत प्रबंध अध्ययन संकाय केंद्र में एक विशेष व्याख्यान का आयोजित किया गया। मुख्य व्याख्याता महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी, के इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्रोफेसर के.के.अग्रवाल ने कहा कि शोध से ही नये नये समस्याओं का समाधान की खोज की जाती है। शोधा और अनुसन्धान से ही मानव सभ्यता की उन्नति एवं विकास संभव है । रिसर्च मेथडालॉजी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सही शोध विश्लेषण और डाटा एनालिसिस से शोध परिणाम सटीक होती है । प्रोफेसर अग्रवाल ने रिसर्च मेथडालॉजी के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी । पीएच.डी. कोर्सवर्क 2023 का परिचय देते हुए पीएच.डी. कोर्सवर्क समान्यवक एवं व्यवसाय प्रबंध विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर मुराद



अली ने कहा कि परिसर में पांच केंद्र बनाये गए है। इन केन्द्रों में सामान्य विषय रिसर्च मेथडालॉजी एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन पढ़ाये जायेंगे । इसके अलावा विषयवार रिसर्च एथिक्स के कक्षाओं का भी संचालन होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सैफुल हक एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रांकूर शुक्ला ने किया । इस अवसर पर प्रो. अविनाश पाथर्डीकर,डॉ. आशुतोष सिंह,डॉ. सुनील कुमार,डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, समरीन तबस्सुम ,राजेश कुमार,सुनील कुमार मौर्या, मोहम्मद सहाबुद्दीन रायन , मोहित सिंह भटिआ, रजनीकांत त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा की जीत से ही नगर क्षेत्र का होगा समुचित विकास –सांसद राजा भैया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गोण्डा। नगर पालिका क्षेत्र गोण्डा के भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित नुक्कड सभाओं में मतदाताओं का जहां भारी हुजूम उतर रहाहै वहां प्रत्याशी के समर्थन में अयोध्या व अन्य क्षेत्रों के अध्यात्म से जुड़े संतों ने मतदाताओं से प्रत्याशी लक्ष्मी रायचंदानी को विजयी बनाने की अपील की है। सोमवार की देर शाम को भरत मिलाप चौराहे पर नुक्कड़ सभा का आयोजन जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप की अध्यक्षता में किया गया। सभा में उमड़ें मतदाताओं के विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए सांसद कीर्ति बर्धन सिंह उर्फ राजा भैय्या ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार भाजपा की है तो नगर का विकास के लिए पालिका में भी भाजपा का ही अध्यक्ष होना चाहिए तभी ट्रिपल इंजन की सरकार जिले का समुचित विकास करा पाएगी । मतदाताओं का आह्वान करते सांसद ने पूर्व विधायक तुलसीदास रायचन्दानी की बहू लक्ष्मी रायचंदानी को विजयी बनाने का अनुरोध किया। सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह ने कहा कि सपा शासन काल में नगर के व्यापारियों की दर्जनों दुकानें जलाई व लूटी गईं और पीड़ित व्यापारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनका उत्पीड़न किया गया। नगर विकास का काम ठप कर विकास के धन की सुनियोजित रूप से लूट की गई। नगर पालिका को आतंक एवम भ्रष्ट्राचारियों से मुक्त करने के लिए भाजपा प्रत्याशी की जीत तवाना जरूरी हो गया है । भाजपा प्रत्याशी के पति राजेश राय चन्दानी ने कहा कि नगर पालिका में पिछले 20 वर्षों से व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच करा कर दोषियों को दंडित कराने का काम किया जाएगा एवम लूटे हुए धन की रिकबरी करा कर उस रुपये से विकास के काम कराए जाएंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता के के श्रीवास्तव एवं शिक्षाविद् अभय कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्य धारा से अलग रहकर कोई चुनाव जीत नही सकता है, कायस्थ बिरादरी किसी व्यक्ति विशेष की धरोहर नही है। नगर के चहुमुखी विकास के लिए



ईमानदार प्रत्याशी लक्ष्मी रायचन्दानी को जितवाना बहुत जरूरी है । सभा को सम्बोधित करने वालो में जिला प्रभारी अवनीश कुमार सिंह , डॉ रंजन शर्मा ,बजरंग दल के प्रान्तीय नेता गुड्डू वर्मा , महेश नारायण तिवारी , धीरेन्द प्रताप पाण्डेय , सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह , पुष्कर मिश्रा सहित अन्य नेताओं ने पालिका क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी रायचंदानी को विजई बनाने का आह्वान किया। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी शेष नारायण शर्मा ने देते हुए बताया कि वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज मौर्य के संचालन में सभा मंच पर प्रत्याशी लक्ष्मी रायचंदानी, अयोध्या के संत बृज मोहन दास उर्फ राजू महन्त, कामाख्या देवी मंदिर के महन्त वीरेंद्र शास्त्री ,पूर्व जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी, विद्या भूषण द्विवेदी, राजेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि रमा शंकर मिश्रा , दीपक अग्रवाल , अभिषेक दत्त त्रिपाठी, श्याम सुंदर मौर्या , संतोष शुक्ला, उमेश शुक्ला , राजा बाबू गुप्ता , हरिप्रसाद सिंह, देव नारायण मिश्रा , स्वर्णकार संघ के जिलाध्यक्ष भैय्या लाल सोनी, फैशल शाह , रंजीत बाबा, राजेश रायचंदानी एवं राम गोपाल शाहू, मौजूद रहे । मंच के सामने भारी संख्या में पार्टी भक्त कार्यकर्ता जय श्रीराम के नारों से मतदाताओं का उत्साह किया। उधर जनसंपर्क के क्रम में चेयरमैन प्रत्याशी लक्ष्मी रायचन्दानी के साथ बीना राय , अर्चना उपाध्याय , सरिता तिवारी , पूनम श्रीवास्तव , पुष्पा गोस्वामी , रेखा श्रीवास्तव , ममता श्रीवास्तव , कंचन शुक्ला , विद्या पाण्डेय , साधना तिवारी , ऋचा पाण्डेय , अनिता तिवारी , मंजू सोनी , सोनी सिंह , सुगन्ध चौबे , सहित महिलाओं ने उपरहितन पुरवा , छेदी पुरवा , बलवंत पुरवा में घर घर जाकर लोगो का आशीर्वाद लिया।

## यदि बीस मांगे होती वह भी पूरी की जाती हमारी सरकार व्यापारियों के साथ है –बृजेश पाठक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर एक १६ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उपमुख्यमंत्री ने व्यापार मंडल की सभी मांगों को मानते हुए व्यापार मंडल को आश्वासन दिया कि यह १६ मांगे ही क्या हैं यदि २० भी मांगे होती वह भी पूरी की जाती हमारी सरकार व्यापारियों के साथ हैं ।व्यापारी के हित की सभी मांगे पूरी की जाएंगी. भाजपा प्रत्याशी महापौर सुषमा खरकवाल को भारी मतों से विजई बनाने के लिए अपील की। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि शहर की तमाम समस्याओं को लेकर आज उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को १६ सूत्री ज्ञापन सौंपा जिसे माननीय उपमुख्यमंत्री जीने सभी मांगों को माना। आतः श्री मिश्रा ने लखनऊ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की तरफ से शहर की तमाम समस्याओं को निजात दिलाने के लिए भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल को लखनऊ व्यापार मंडल का समर्थन देते हुए व्यापारियों से अपील की भाजपा प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल को अपना अमूल्य वोट देकर विजई बनाएं। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र कार्यवाहक अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सचेतक अनिल वर्मानी महामंत्री विनोद अग्रवाल अभिषेक खरे उमेश शर्मा जितेंद्र सिंह चौहान उपाध्यक्ष सतवीर सिंह राजू आदि उपस्थित रहे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से लखनऊ व्यापार मंडल मांग की है कि बाजारों में नगर निगम की मूलभूत सुविधाओं का अभाव है जो इस प्रकार है। 1. बाजारों में स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था न होना। 2. दुकानों में जल एवं सीवर का कनेक्शन ना होने के बावजूद वार्षिक मूल्यांकन का 15.5: कमर्शियल टैक्स जमा कराया जाता है जिसे समाप्त किया जाए। 3. कमर्शियल व्यवसाई संपत्तियों का नगर निगम कर्मचारियों द्वारा मनमाने ढंग से मूल्यांकन करना। 4. नगर निगम की बाजारों में बनी सड़कों की मरम्मत ना होना। 5 बाजारों में जलभराव की समस्या। 6. मोहन मार्केट



गुरुनानक मार्केट तालकटोरा भोपाल हाउस आदि रिफ्यूजी मार्केट का मालिकाना हक व्यापारियों को दिया जाए। 7. एक मकान मालिक की कई संपत्तियां होने पर एकीकृत आईडी मल्टीपल नंबर होना चाहिए जिससे अलग–अलग भवन का कर जमा करने के लिए बार–बार वेबसाइट पर न जाना पड़े. एक साथ सभी भवनों का कर जमा किया जा सके। 8. व्यवसायिक संपत्तियों का स्वता कर निर्धारण योजना लागू की जाए। 9. बाजारों में स्ट्रीट लाइट को सुचारू व्यवस्था बनाई जाए। 10. अकबरी गेट नक्खास अमीनाबाद चारबाग महानगर भूतनाथ आलमबाग सदर आदि बाजारों के फुटपाथ के दुकानदारों को वेंडिंग जोन बनाकर विस्थापित कर बाजारों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। 11.नगर निगम को अफसरशाही एवं भ्रष्टाचार से मुक्त किया जाए। 12. बाजारों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए। 13. हर बाजारों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था होनी चाहिए। 14. बाजारों में महिला शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए। 15. सीलिंग की कार्रवाई रात के अंधेरे में या बहुत सुबह न की जाए व्यापार मंडल को लेकर ही ऐसी कार्यवाही की जाए ताकि व्यापारी का उत्पीड़न ना हो सके। 16. भवन कर बकाया होने पर दुकानों पर कार्रवाई न कर भवन स्वामी पर कार्रवाई की जाए और उसका ही भवन सील किया जाए।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## अवैध सिलेंडर रखने वाले की जमानत याचिका खारिज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ।जिलाधिकारी जौनपुर के निर्देश पर गत दिनों जलालपुर थाना क्षेत्र के हरिपुर ग्राम में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा पुलिस टीम के साथ छापा मारकर आरोपी अजय दुबे के पाही पर अवैधा रूप से रखे गए 277 सिलेंडर बरामद करते हुए अजय दुबे को गिरफ्तार कर धारा 3/7ई सी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया। एक मई को आरोपी के अधिवक्ता ने ए,सी, जे ,एम प्रथम श्रीमती शिल्पी चौहान ने कोर्ट में जमानत प्राथना पत्र पेश किया जिस पर बहस हुई। अभियोजन पक्ष के तरफ से राजेश श्रीवास्तव विशेष लोक अभियोजक ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि यह अभियुक्त का कृत्य आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है जो गंभीर अपराधा है । न्यायालय सरकारी वकील के तर्कों से सहमत होते हुए ए सी जे एम प्रथम श्रीमती शिल्पी चौहान ने अभियुक्त अजय दुबे का जमानत खारिज कर दिया। अभियुक्त अजय दुबे जेल में है।

## मतदान से पहले जो जिले का निवासी न हो जनपद छोड़ दे –डीएम जौनपुर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला मजिस्ट्रेट अनुज कुमार ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ 09 अप्रैल 2023 द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग द्वारा अधिसूचना जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है जो निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्त होने तक समस्त नगरीय निकाय क्षेत्रों में लागू रहेगी। राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी आदर्श आचार संहिता के किताब के पृष्ठ सं0–9 के बिन्दु सं0–4 (ड) में उल्लेख किया गया है कि मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पहले कोई भी व्यक्ति जो स्थानीय निकाय का निवासी नहीं है, सम्बन्धित स्थानीय निकाय को छोड़ देगा। इसी प्रकार यदि सम्बन्धित जनपद का निवासी नहीं है तो मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व जनपद को छोड़ देगा। उक्त के क्रम में एतदद्वारा आदेशित किया जाता है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 में ऐसे व्यक्ति जो स्थानीय निकाय के निवासी नहीं है वे मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व सम्बन्धित स्थानीय निकाय को छोड़ देंगे तथा ऐसे व्यक्ति जो जनपद के निवासी नहीं है वे मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व यानि दिनांक 02 मई 2023 के सायं 06:0 बजे तक जनपद को छोड़ देंगे।

## प्रेक्षक द्वारा मतदान केंद्रों स्ट्रांग रूम व बूथों का किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगरीय निकाय निर्वाचन 2023 के मद्देनजर चुनाव प्रेक्षक मनोज कुमार सिंह ने जनपद के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया साथ ही स्ट्रांग रूम व बूथों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जनपद में निकाय चुनाव के लिए प्रथम चरण में आगामी 04 मई 2023 को मतदान होगा इसकी तैयारियों के मद्देनजर मा0 प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम मड़ियाहूं, चिल्ड्रेन जूनियर हाईस्कूल मड़ियाहूं,



मड़ियाहूं पीजी कालेज, बीएनवी इन्टर कालेज मडियांहू , स्ट्रांग रूम मछलीशहर, प्राथमिक विद्यालय मछलीशहर, प्राथमिक विद्यालय मुगराबादशाहपुर में पहुंचकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आम जनता से मुलाकात की और शिकायतों के सम्बन्ध में जनसुनवाई की। उन्होंने स्ट्रांग रूम व बूथों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था देखी और बूथों पर प्रकाश, पेयजल व साफ–सफाई की व्यवस्था कराने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप ही मतदान व मतगणना को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाएगा। इस दौरान प्रेक्षक संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी लेने के साथ ही उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त कराने के आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। अपर आयुक्त वाराणसी मण्डल वाराणसी मनोज कुमार सिंह प्रेक्षक लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन के गंगा सूट में रुके हुए है। प्रेक्षक के अवस्थान स्थल का दूरभाष सं0 5452–261926 एवं मोबाइल नम्बर 9559229255 है। आम जनमानस, राजनैतिक दल के प्रत्याशी प्रेक्षक से 04 बजे से 06 बजे तक मिल सकते है। किसी प्रकार की समस्या होंने पर उपरोक्त मोबाइल नंबर पर कालिंग और व्हाट्सएप के माध्यम से अवगत करा सकते है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अपनें विचारों को नियंत्रित करना सीखें, नहीं तो वो आपको नियंत्रित करेंगे।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# राज्यों का परस्पर अभिनंदन

बात छोटी सी है, मगर बहुत गहरी है। हैरत की बात है कि पहले किसी के ध्यान में यह बात क्यों नहीं आई? देश के दो अग्रणी पड़ोसी राज्यों (जिनका बड़ा हिस्सा कभी एक राज्य में ही शामिल था) महाराष्ट्र और गुजरात के 64वें स्थापना दिवस एक मई पर बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' संकल्प के तहत अब सभी राज्य एक दूसरे के स्थापना दिवस परस्पर बधाई देंगे। इस पावन मौके पर सम्बन्धित राज्यों के राजभवनों में सालगिरह मना रहे राज्य अथवा राज्यों की सांस्कृतिक झलक दिखाने वाले उत्सव भी होंगे। इसी के अंतर्गत एक मई को मप्र. की राजधानी भोपाल स्थित राजभवन में 'अखंडता का उत्सव' सम्पन्न हुआ। इसमें मध्यप्रदेश में रहने वाले मूलतः गुजरात और महाराष्ट्र से आए लोगों ने अपने–अपने राज्य की सांस्कृतिक झलक बहुत अच्छे ढंग से पेश की। साथ शहर के मराठी और गुजराती समाज के गणमान्य लोगों ने भी बड़ी तादाद में इसमें शिरकत की। सोने पे सुहागा यह रहा कि इसका समापन मेजबान मप्र की आदिवासी सांस्कृतिक विरासत भगोरिया नृत्य के प्रदर्शन से हुआ। इस अवसर मुख्यमंत्री शिवराज ने मप्र. के दो पड़ोसी और विकास में अग्रणी राज्यों की सराहना की और मप्र. की सर्वसमावेशी संस्कृति का भी जिक्र किया। राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने भी भारत की सांस्कृतिक एकता की बात की। वैसे साल में 18 तारीखें ऐसी पड़ती हैं, जिस दिन देश के वर्तमान 28 में से किसी न किसी राज्य का 'स्थापना दिवस' मनता है। लेकिन सम्बन्धित राज्य को छोड़कर बाकी राज्यों और उसके निवासियों को इससे खास मतलब नहीं होता। जबकि इन तारीखों में से एक नवंबर तो ऐसा दिन है, जब 7 राज्य और 1 केन्द्र शासित प्रदेश अपना 'स्थापना दिवस' मनाते हैं। इस मायने में यह दिन तो 'राज्यों का महास्थापना दिवस' के रूप में मनाया जाना चाहिए, इसमें मध्यप्रदेश भी शामिल है। क्योंकि देश के लगभग एक तिहाई राज्य इसी दिन बने हैं। आगामी 1 नवंबर को नए आदेश के तहत सात राज्यों की सांस्कृतिक झलक राजभवन में मिलनी चाहिए ! याद करें कि पहली बार 1 नवंबर 1956 को एक साथ चार राज्य वजूद में आए। ये थे आंध्र प्रदेश (अविभाजित), केरल, मध्यप्रदेश (अविभाजित) तथा तमिलनाडु। इसी तारीख को 1966 में आज के पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ ने आकार लिया। 1 नवंबर 2000 को मप्र के विभाजन के फलस्वरूप बने नए छत्तीसगढ़ राज्य का जन्म हुआ। लेकिन 1 नवंबर मप्र के अलावा अन्य राज्यों का भी स्थापना दिवस है, यह हममें से कितनों को पता है? वैसे बता दें कि आजादी के तुरंत बाद यानी 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत में आजादी के तुरंत बाद भारत में कुल 12 पूर्ण राज्य, जो सीधे ब्रिटिश शासित थे और 565 रियासतें थीं। स्वतंत्र भारत का पहला पूर्ण राज्य बंगाल, 1971 में बंगलादेश बनने के बाद इसका नाम पश्चिम बंगाल कर दिया गया और इसे वापस बंगाल करने की मांग फिर उठ रही है, जिसे केन्द्र सरकार ने अभी तक मंजूरी नहीं दी है, था जिसका स्थापना दिवस 20 जून को पड़ता है। उसके बाद 30 मार्च 1949 को राजस्थान अस्तित्व में आया। फिर 24 जून 1950 को उत्तर प्रदेश ( अविभाजित) बना। स्वतंत्रता से भी पहले अंग्रेजों के शासन काल में बने दो राज्य अभी भी अस्तित्व में हैं। ये हैं बिहार (22 मार्च 1912 यद्यपि स्वतंत्र भारत में बिहार राज्य की स्थापना 26 जनवरी 1950 को हुई। तथा उडीसा (अब ओडिशा) 1 अप्रैल 1936। हालांकि 2000 में बिहार का विभाजन होकर नया झारखंड राज्य बना।

एक भाषा–एक संस्कृति और राज्यों का पुनर्गठन

स्वतंत्रता के बाद एक भाषा, एक संस्कृति के आधार पर राज्यों के पुनर्गठन की मांग उठी। तत्कालीन नेहरू सरकार ने इसके लिए एक आयोग गठित किया। उसकी रिपोर्ट के आधार पर 1956 में जब पहली बार राज्य पुनर्गठन अधिनियम लागू हुआ तो देश में राज्यों की संख्या बढ़कर 14 और केन्द्र शासित प्रदेशों की तादाद 6 हो गई। भाषावार प्रांत रचना और स्थानीय आग्रहों के चलते देश में नए राज्यों और नए केन्द्र शासित प्रदेशों का बनना जारी रहा। 1966 में पंजाब, हरियाणा और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ बने। लेकिन राज्यों के पुनर्निर्माण में सबसे दिलचस्प तारीख 1 नवबंर है। इस दिन देश में सबसे ज्यादा 8 राज्यों का गठन अलग अलग वर्षों में हुआ है। इसके अलावा 21 जनवरी ऐसी तारीख है, जो तीन नए राज्यों के जन्म की साक्षी है। 21 जनवरी 1972 को तीन नए राज्य बने मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा। 1 मई 1960 को एक ही दिन 2 नए राज्य बने महाराष्ट्र और गुजरात। इस कड़ी में नवीनतम राज्य तेलंगाना है, जो 2 जून 2014 को अस्तित्व में आया, जबकि लद्दाख और जम्मू–कश्मीर सबसे नए केन्द्र शासित प्रदेश हैं। ये राज्य क्यों बने, किन राजनीतिक परिस्थितियों, आग्रहों और जनाकांक्षा के कारण बने, इस पर काफी कुछ कहा गया है। यह भी सिद्ध हो चुका है कि केवल एक भाषा और संस्कृति की वजह से ही कोई राज्य हमेशा एक रहे, जरूरी नहीं है। कुछ के तो नाम भी बदले गए हैं। भावनात्मक लगाव, प्रशासनीय सुविधा तथा विकास की आकांक्षा के कारण राज्यों के मानचित्र बदलते भी रहे हैं। बावजूद इन सबके हर राज्य के स्थापना दिवस पर उसे दूसरे राज्यों द्वारा बधाई दिए जाने का चलन कम ही रहा है। अलबत्ता राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री जरूर ऐसा करते रहे हैं, क्योंकि वो भारत संघ के मुखिया हैं या फिर सम्बन्धित राज्यों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री राज्य की जनता को बधाई देते आ रहे है। बधाई का यह आदान–प्रदान उतना ही आत्म केन्द्रित है, जितना कि फ्लैट या बंगलों में रहने वालों का जीवन। जहां बगलवाले से दूसरे को कोई खास मतलब नहीं होता।

राज्यों के बीच भावनात्मक एकीकरण की पहल

ऐसे में अगर यह शुरुआत की गई है, हर राज्य दूसरे सीमावर्ती राज्य का जन्मोत्सव मनाएगा तो यह अच्छी पहल है बशर्तें कि सभी राज्य इसको उसी भाव में लें। ऐसा हुआ तो इससे राज्यों के बीच भावनात्मक एकीकरण को नया बल मिलेगा। साथ ही मूल राज्य के आप्रवासी दूसरे राज्यों को अपनी पितृभूमि से जुड़ाव का अलग अहसास होगा। इस पहल को और व्यापक बनाना चाहिए, क्योंकि किसी भी राज्य में परप्रांतीय ज्यादातर दूध में शकर की माफिक ही रहते हैं, भले ही कुछ राज्यों में राजनीतिक दुराग्रहों के कारण उनके खिलाफ मुहिम चलाई जाती रही है। अब ये सवाल कि यह सब अभी ही क्यों सूझा या सूझ रहा है? क्या इसका लक्ष्य सांस्कृतिक एकीकरण है या फिर इसके जरिए कोई नया राजनीतिक लक्ष्य है? भारत को एक ही संस्कृति में रंगना है? पहले के राजनेताओं को इसकी जरूरत क्यों महसूस नहीं हुई? देश का तानाबाना टूटने का वैसा डर नहीं था या फिर इस तानेबाने को कायम रखने लिए जरूरी सदिच्छाओं और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी थी। ये आशंकाएं हो सकती हैं, पर ऐसा ही होगा, इसकी संभावना बहुत कम है। सम्बन्धित राज्य के वो निवासी जो बाहर से आकर उस राज्य में बस गए हैं और अब वही उनकी मातृभूमि बन चुकी है, को बिसरा कर अपनी पितृभूमि का इकतारा बजाने लगेंगे, यह व्यावहारिक रूप से भी संभव नहीं है। न ही वो ऐसा कभी करना चाहेंगे। हां ऐसे आयोजनों से उनकी अलग सांस्कृतिक पहचान को स्वीकृति और सराहना ही मिलेगी। दरअसल इस तरह के आयोजन राजभवन में करना अपने आप में सांस्कृतिक विविधता का अभिनंदन करना ही है। इस पहल में राजनीति ढूंढना सही नहीं होगा, लेकिन वर्तमान राजनीतिक कटुता के बीच यह कोशिश कितनी कामयाब होगी, देखने की बात है। महाराष्ट्र और गुजरात को बधाई देने में राज्यपाल मंगू भाई पटेल और सीएम शिवराजसिंह चौहान को कोई दिक्कत इसलिए नहीं हुई, क्योंकि ये दोनों और मप्र भी भाजपा शासित है। दिक्कत तब हो सकती है, जब विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों को भाजपा शासित राज्यों द्वारा या फिर उसके विपरीत भी सम्बन्धित राज्य के शीर्ष नेता एक दूसरे को बधाई देंगे। यह जानना दिलचस्प होगा कि वो किस मन और भाव से एक दूसरे को बधाई देते हैं? अगर आगामी 1 नंवबर को शिवराज चौहान, केरल के वामपंथी सीएम पी. विजयन को और विजयन शिवराज को बधाई देते दिखे और दोनों ही राज्यों के राजभवनों में एक दूसरे के सांस्कृतिक वैभव का आत्मीय भाव से आस्वाद लेते दिखे तो बात कुछ और ही होगी। लेकिन फिलहाल इसकी संभावना कम ही लगती है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# लखनऊ की सड़कों पर महिलाओं की कार रैली : रैली की विजेताओं को किया गया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रदेश की राजधानी में आयोजित की गई ऑल वुमन कार रैली की विजेताओं को शालीमार गेटवे मॉल में सम्मानित किया गया। विभिन्न श्रेणियों में आयोजित की गई रैली की विजेताओं में से श्रीमती अमिता कुमार (69) को रैली में सबसे बड़ी उम्र के ड्राइवर का पुरस्कार दिया गया। वहीं हृदया सिंह (19) को सबसे कम उम्र की ड्राइवर का पुरस्कार दिया गया। अल्का सेवक और मीनू श्रीवास्तव के साथ श्वेता बंसल को बेस्ट ड्राइवर चुना गया। रैली के दौरान प्रतिभागियों को कार की देखभाल और सजावट से जुड़े कौशल के लिए भी सम्मानित किया गया। इस खास श्रेणी में प्रियंका शर्मा, अल्का सेवक और संचिता मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ कार डेकोरेटर का पुरस्कार दिया गया। शालीमार ग्रुप की निदेशक लीना सेठ प्रतिभागियों से मिलने के लिए उत्साहित थीं। उन्होंने कहा, ''महिलाओं को शहर में ड्राइविंग करते हुए और हमारे पूरी पृथ्वी को बचाने के उद्देश्य से निकाली



गई रैली करते हुए देखना बहुत अच्छा लगता है। महिलाएं हमेशा बदलाव की वाहक रही हैं। साथ ही वो एक हरित और स्वच्छ भविष्य के निर्माण का बीड़ा भी उठा रही हैं। मैं आयोजकों को इस तरह के प्रेरक आयोजन के लिए बधाई देती हूं।''

# श्रमिक वर्ग की सकारात्मक सुरक्षा और स्वास्थ्य संस्कृति के निर्माण हेतु मिलकर कार्य करना होगा – सुनील यादव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। किसान और मजदूर इस देश की जान है इसलिए इनके लिए स्वास्थ्य और सकारात्मक सुरक्षा सबसे आवश्यक है, उक्त बातें आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर फार्मासिस्ट फेडरेशन द्वारा आयोजित एक वेब गोष्ठी को संबोधित करते हुए फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने कही । 'इस अवसर पर डीपीए के संस्थापक स्व राम उजागर पांडे , स्व शेष नाथ तिवारी, स्व राम समुझ त्रिपाठी, कर्मचारी नेता स्व बाई एन सिंह,रोडवेज के स्व प्रीतम दास, स्व चंद्रशेखर पांडे, स्व एस एन मिश्रा, सहित अनेक स्वर्गीय पुरोधाओं के संघर्षों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। श्री यादव ने कहा कि आज कार्यालयों में काम के घंटे तय हैं, तो इसके पीछे मजदूर आंदोलन ही जिम्मेदार हैं. इतिहास गवाह है कि 1मई 1886 के दिन लाखो मजदूरों की हड़ताल के बाद दुनिया भर के मजदूरों के अनिश्चित काम के घंटों को 8 घंटे में बदला गया था । दुनिया भर में हुए मजदूर आंदोलनों ने आम नागरिकों को भी बहुत कुछ लाभ दिया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की थीम श्रमिक वर्ग की ' सकारात्मक सुरक्षा और स्वास्थ्य संस्कृति के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करे' तय की गई है । वास्तव में श्रमिकों का स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा एक बहुत बड़ा विषय है, आज अनेक श्रम कानूनों के बावजूद श्रमिकों को उचित पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है । माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा समान कार्य समान वेतन के बार–बार निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन सामान्यतया यही देखा जा रहा है कि इसका परिपालन नहीं हो पा रहा है । सरकारी और गैर सरकारी सभी जगहों पर अलग अलग पारिश्रमिक नियत है, निजी क्षेत्रों के श्रमिकों को वार्षिक वृद्धि तथा महंगाई भत्ता आज भी नहीं मिल पाता है' जिससे श्रमिक अपने दैनिक



जीवन का संचालन भी सही से नहीं कर पाते विभिन्न विभागों में चल रही आउटसोर्सिंग की व्यवस्था में श्रमिक और सरकार के मध्य बिचौलिए की भूमिका बन जाने से श्रमिक वर्ग को उनका नियत वेतन नहीं मिल पाता । सरकार ने संगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सुरक्षा की व्यवस्था की है, 'स्वास्थ्य रक्षा हेतु अनेक ईएसआई हॉस्पिटल बने हैं लेकिन असंगठित मजदूरों के स्वास्थ्य की देखभाल पर अभी भी नीतियां बनानी होगी, आयुष्मान योजना गरीब श्रमिकों के लिए अत्यंत कल्याणकारी है' इसका लाभ सभी मजदूरों को उठाना चाहिए आयुष्मान के मानक में भी थोड़े बदलाव की आवश्यकता है । वक्ताओं ने कहा कि अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ परिवार का संचालन करने के लिए श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम मजदूरी का पुनर्निर्धारण किया जाना आवश्यक है जिससे श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा प्रबल हो सके। हर जोर–जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा हैं, हर जालिम से टकरायेंगे, हर जुल्म का बदला मांगेंगे, इस नारे के साथ गोष्ठी में विभिन्न कर्मचारी मजदूर नेताओं ने अपनी राय रखी । फेडरेशन के संरक्षक अमरपाल सिंह, संयोजक के के सचान, महामंत्री अशोक कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी नायक, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, ओपी सिंह, जीसी दुबे, जय सिंह सचान,आर आर चौधरी, प्रवीण यादव, उपेंद्र कुमार, राजेंद्र पटेल, रमेश कुमार, आदेश, पीएस पाठक, ज्ञान चंद्र, अफज,अंकित, सतीश यादव, दिनेश सेठ के साथ अन्य विभागों के कर्मचारियों ने भी भागीदारी की।

## पालिका गोण्डा में ऐतिहासिक निर्णय देंगे नगर वासी –लक्ष्मी रायचंदानी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गोण्डा। मतदान का समय निकट आते ही प्रत्याशी जहां जीत हार का समीकरण हल करने में जुटे हैं वहीं नगर निकाय चुनाव में पालिका परिषद गोण्डा सदर से अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी रायचंदानी नगर के मतदाताओं से मिल रहे प्रबल जनसमर्थन से जीत के प्रति आश्वस्त हैं। इस संवाददाता से नगर की समस्याओं, विकास की रूपरेखा एवं अध्यक्ष पद के दायित्व पर खुलकर वार्ता किया। नगर पालिका क्षेत्र की समस्या पर सवाल पूंछने पर प्रत्याशी लक्ष्मी रायचंदानी ने कहा कि देखिए यहां समस्या एक नहीं अनगिनत है। नगर के हर कोने पर नगरवासी पोर पोर समस्याओं से त्रस्त हैं। नगर पालिका क्षेत्र का पिछले 25 वर्ष से सुनियोजित षड्यंत्र कर समुचित विकास नहीं किया गया । यहां एक वर्ग की बदौलत जीते अध्यक्षों ने अपने धर्म जाति और निजी हित में केवल दो तीन वार्डों में शासन से प्राप्त लाखों रुपए का विकास धन पानी की तरह बहाकर नाले नाली व रास्ते ही नही अपने वर्ग के घर आंगन तक चमका दिए गए । नगर के दो तिहाई वार्ड विकास से उपेक्षित रह गए। विकास के प्रति उपेक्षा देखनी हो तो नगर के राजा मुहल्ले को देखिए। नगर के संस्थापक राजाओं के आवासीय क्षेत्र व राजा देबी बक्श सिंह की पुण्य भूमि राजा मुहल्ले में बदहाल सड़कों व टूटी नालियों से बजबजाती गलियों के बीच गुजरना मुश्किल है। कांशीराम कालोनी की स्थिति बदतर हैं। बड़गांव में रानी बाजार सेमरा दम्मन साहबगंज सुभाषनगर राधाकुण्ड सिविल लाइन जैसे बीसों वार्ड विकास से उपेक्षित रह गए। विकास धन का बंदरबांट कर लिया गया। यहां तक कि पालिका कर्मचारियों के भविष्यनिधि की करोड़ों की धनराशि हड़प ली गई। नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल प्रकाश व स्वच्छ वातावरण नसीब नहीं हुआ। पालिका प्रशासन की अदूरदर्शिता से वर्ष 2017 में नगर पालिका गोण्डा सदर भारत के सर्वाधिक गंदा नगर घोषित हुआ। प्रदेश सरकार द्वारा यदि पालिका के कार्यों की जांच व आय व्यय का भौतिक सत्यापन कराया गया तो करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार सामने आएगा। पालिका के विकास एवं अध्यक्ष के दायित्व पर चर्चा करते हुए प्रत्याशी लक्ष्मी रायचंदानी ने कहा कि चेयरमैन होने पर वह पालिका प्रशासन का दायित्व बैसाखी के आधार पर नही वरन अपने विवेक से सभासदों के सुझाव पर निर्वहन करेंगी। मेरे परिवार के व्यक्तित्व व व्यवहार से नगरवासी परिचित हैं। मेरे पूज्य ससुर तुलसीदास रायचंदानी आजीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य व भारतीय जनसंघ व वर्तमान में भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता होने के साथ 1991 व 1993 में दो बार विधायक रहे। जनसेवा का संस्कार उन्हें परिवार से विरासत में मिला है। लक्ष्मी रायचंदानी विकास के प्रति अपने संकल्प को दुहराते हुए कहती हैं। नगर का सर्वांगीण विकास उनका सपना है। मण्डल मुख्यालय की मर्यादा के अनुरूप नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने का वह भरसक प्रयास करेंगी। पिछले 25 वर्ष से विकास से वंचित वार्डो का अभियान चलाकर विकास से संतृप्त करना उनका लक्ष्य है। भगवान राम की गोचर भूमि पर अवस्थित नगर में विद्यमान सभी पौराणिक स्थल का जीर्णोद्धार नगर के ऐतिहासिक तालाबों को स्पा शासन में किए गए अतिक्रमण से मुक्त बनाकर उनका विकास उनकी प्राथमिकता होगी। नगर में स्वच्छ पेयजल सभी प्रमुख मार्गों सहित गली मुहल्लों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था व पालिका क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा को माडल बनाना उनका सपना है। भाजपा प्रत्याशी ने चुनाव की चर्चा में बताया कि उन्होंने जनसंपर्क के दौरान पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया है। महिलाओं से उनकी समस्याओं पर बात किया है। हमें खुशी है कि मुझे नगर के प्रत्येक वर्ग से समर्थन व आशीर्वाद मिल रहा है। निश्चित रूप से इस चुनाव में नगरवासी अपने समर्थन से ऐतिहासिक निर्णय देकर प्रधानमंत्री मोदी जी मुख्यमंत्री योगीजी के साथ पालिका में भाजपा की ट्रिपल इंजन से संचालित सरकार का गठन करेगी ।

# गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की कार्यपालिका बैठक सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की कार्यपालिका बैठक में पूर्व निर्धारित सूचना व एजेंडा के अनुसार निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए गए :– 1. पूर्व बैठक की पुष्टि सर्व सहमति से की गई। 2. महासचिव ने अपनी रिपोर्ट में उपखंड समितियों के द्वारा दिए गए विकास व समस्या के निकरण के सम्बन्ध में किए गए कार्यों को बताया 3.महासचिव ने माननीय रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह जी का आभार व्यक्त किया , जब जब किसी भी समस्या को महासमिति ने अवगत कराया , वह कार्य उन्होंने किया.जैसे कि ओपन जिम, हेल्थ एटीएम, रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास आरओबी मेट्रो आदि के संबंध में आदि की प्रगति के बारे में सभी को अवगत कराया। 4. महासचिव ने कहा इस बार का वार्षिक उत्सव विशिष्ट लोगों के साथ मनाया जाएगा तथा उन्होंने कपड़ा बैंक, दवा बैंक ,बर्तन बैंक, गरीबों को भोजन वितरण, मूर्तियों का ससम्मान विसर्जन आदि में लगे कार्यकर्ताओं को ध्वनिमत से प्रशंसा की गई। महासमिति ने एसकेडी एकेडमी, प्रकाश बाल विद्या मंदिर स्कूल के प्रबंधक को अध्यापकों व बच्चों को मतदाता जागरूकता रैली में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। विराट खंड के खंड प्रभारी को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया जिसे उन्होंने महासमिति को समर्पित किया तथा विनीत खंड 6 समिति के द्वारा एक गरीब परिवार के इलाज हेतु 130000 की आर्थिक सहायता दी गई। कुछ समितियों के पदाधिकारियों के त्यागपत्र देने तथा नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की लिखित सूचना दी गई उसकी सहमति बैठक में सर्वसम्मति से की गई। महासमिति के कुछ पदाधिकारियों ने अपना त्यागपत्र प्रस्तुत किया था , जिसे ध्वनिमत से स्वीकृत किया गया। कोषाध्यक्ष ने 31 मार्च 2023 की आय– व्यय, बैलेंस शीट स्वीकृत हेतु सदन में रखा जो कि ध्वनिमत से पारित किया गया। सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी ने गोमती नगर व लखनऊ क्षेत्र में.रक्षा मंत्री जी के द्वारा किए गए विकास कार्यों की विस्तृत चर्चा सदन में रखी , जिसके लिए सभी ने माननीय रक्षा मंत्री जी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। अंत में अध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन में सभी




कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने तथा राष्ट्रवादी विचारधारा के लोगों को मतदान करने तथा एकजुटता को बनाए रखना हेतु कहा. उन्होंने कहा हम भारत को हिंदू राष्ट्र तभी बना पाएंगे जब समस्त हिंदू समाज एकजुट होकर राष्ट्रीय विचारधारा को प्रचारित प्रसारित करेगा स धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक समाप्त हुई। बैठक में उपस्थित श्री ज्योति प्रकाश भाग कारव। ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने महा समिति के पदाधिकारियों व भा.ज. पा. के पदाधिकारियों तथा संघ कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए आग्रह किया समाज में महा समिति के द्वारा किए गए कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा कहा समिति भी संघ का ही कार्य कर रही है और वह भी राष्ट्रीय विचारधारा को प्रचारित कर रही है तथा एकजुट रहकर सभी ज्यादा से ज्यादा आपस में समन्वय बनाकर मतदान कराने का प्रयास करें , ताकि किसी भी तरह का समाज में भ्रम ना हो कि संघ व समिति के लोग तथा राष्ट्रवादी विचारधारा के राजनीतिक पार्टियों अलग–अलग है। इस संदर्भ में उन्होंने मोहन भागवत जी के वक्तव्य का जिक्र भी किया। उक्त बैठक में महापौर की प्रत्याशी श्रीमती सुषमा खर्कवाल उपस्थित रहीं. उन्होंने सभी से आग्रह किया इतनी एकजुटता एवं समन्वय देख करके मैं पूर्णतया निश्चिंत हूं , कि भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से विजयी होगी। मैं पूर्व सैनिक परिवार से हूं तथा एक ब्राह्मण परिवार को छोटी से छोटी कार्यकर्ता को टिकट देकर भा. ज. पा. ने सभी को अचंभित कर दिया आप सब से अपेक्षा है कि ज्यादा से ज्यादा मतदान कर हमारे राष्ट्रवाद को पोषित व पल्लवित करें अंत में , उनका सम्मान सभा के सभी पदाधिकारियों ने पुष्पा गुच्छ, अंग वस्त्र व माला पहनाकर किया। जलपान के पश्चात समन्वय बैठक समाप्त हुई।

# नफरत हारेगी और मोहब्बत जीतेगी –मेयर प्रत्याशी श्रीमती संगीता जायसवाल

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए मेयर प्रत्याशी श्रीमती संगीता जायसवाल ने कहा कि लखनऊ की सम्मानित जनता जो हमें अपार स्नेह और अपना समर्थन दे रही है, दावे से कह सकती हूं कि नफरत हारेगी और मोहब्बत जीतेगी। उन्होंने अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए बताया कि लखनऊ शहर में साफ सुथरी सड़के, नालियां और गलियां दिखाई देंगी तथा प्रत्येक नागरिक को शुद्ध पेयजल निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा, साथ ही धार्मिक स्थानों एवं पार्कों का सौन्दरीकरण, पर्यावरण की उच्च गुणवत्ता का पालन कराने हेतु व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जायेगा। श्रीमती संगीता जायसवाल ने आगे कहा कि हर गरीब, बेसहारा को इन्दिरा कैंटीन के माध्यम से मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया जायेगा। शहर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए उच्च कोटि के पुस्तकालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए हर प्रकार के अखबार एवं पत्रिकाओं की व्यवस्था होगी। इसके साथ ही छुट्टा जानवरों से पूर्ण रूप से निजात हेतु आश्रय स्थल का निर्माण कराये जाने एवं गोवंश के लिए सुरक्षित स्थान एवं उनकी व्यवस्था की जायेगी। संचारी रोग के रोकथाम के लिए समय–समय पर दवाओं एवं कीटनाशकों का नियमित रूप से छिड़काव, नालियों में जलभराव न हो, सड़कें साफ–सुथरी रहें इसलिए जल निकासी का बेहतर प्रबन्धन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम, द्वारा संचालित अस्पतालों, विद्यालयों को उच्च गुणवत्तायुक्त बनाया जायेगा। रेहड़ी, ठेला और साप्ताहिक बाजारों के लिए उचित स्थान का प्रबन्ध निःशुल्क रूप से सुनिश्चित कराया जायेगा। शहर की सीवर लाइन को एस0टी0पी0 (सीवर ट्रीटमेन्ट प्लांट) से जोड़ने एवं कूड़ा निस्तारण के लिए व्यवस्था करायी जायेगी। मकान और जलकर व्यवस्था को सस्ता और सुलभ बनाया जायेगा। श्रीमती संगीता जायसवाल ने आगे कहा कि सार्वजनिक स्थलों के पास स्थित पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित, सुन्दर और सस्ता किया जायेगा। धार्मिक उत्सवों और आयोजनों पर बिना भेदभाव के सभी धर्मस्थलों के साफ–सफाई, लाइटिंग और शुद्ध पेयजल की मुफ्त व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी। ई–रिक्शा चार्जिंग स्टेशनों की फ्री उपलब्धता सुनिश्चित करायी जायेगी। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्री नकुल दुबे ने कहा कि भाजपा के एक मंत्री द्वारा




यह भ्रम फैलाना कि कांग्रेस पार्टी के 12 पार्षद उम्मीदवारों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की जो सरासर झूठ है। कांग्रेस मेयर प्रत्याशी के सामने मुकाबला न कर सकने की स्थिति में भाजपा झूठ फैलाकर राजधानी की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है जिसका मुंहतोड़ जवाब आगामी 4 मई को सम्मानित जनता देगी। श्री दुबे ने बताया कि भाजपा जिन्हें सदस्यता दिलाने की बात कर रही है जिसमें वार्ड संख्या– 44 से रेखा सिंह को बताया है वह कांग्रेस की उम्मीदवार ही नहीं हैं वहां कांग्रेस पार्टी से श्रीमती शीलू जायसवाल को उम्मीदवार बनाया है। वार्ड संख्या–52 से सुरेन्द्र पाल हमारे उम्मीदवार नहीं हैं वहां मोहम्मद सलीम तोप उम्मीदवार हैं। वार्ड संख्या–55 से अशोक सोनकर नहीं बल्कि वासिफ उल्लाह कांग्रेस पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी हैं। वार्ड संख्या– 84 से सगीर पार्टी के उम्मीदवार हैं इस्लामुद्दीन नहीं । वार्ड संख्या– 97 से मोहम्मद आरिफ हमारे उम्मीदवार नहीं हैं वहां गुन्नाज बानो पार्टी की अधिकृत उम्मीदवार हैं। वार्ड संख्या–27 से रीना यादव पार्टी उम्मीदवार नहीं हैं वहां पार्टी ने रहमतुल निशा को समर्थन दिया है। वार्ड संख्या– 20 से अमित गुप्ता का जिक्र सदस्यता में भाजपा द्वारा लाया गया है जो हमारे उम्मीदवार ही नहीं हैं वहां अंकित राजपूत को पार्टी ने अपना समर्थन दिया है। वार्ड संख्या–31 से पूजा श्रीवास्तव नहीं बल्कि आशा लोधी पार्टी की उम्मीदवार हैं। वार्ड संख्या–40 से रिंकी मिश्रा का जिक्र है जबकि वहां से पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी अनवरी खातून हैं। वार्ड संख्या– 75 से प्रदीप गुप्ता का जिक्र है, वार्ड संख्या–9 से सोनू रावत का जिक्र है, वार्ड संख्या–7 से रीमा वाल्मीकि, वार्ड संख्या– 32 से अर्चना श्रीवास्तव का भाजपा द्वारा जिक्र किया गया है इन लोगों को कांग्रेस पार्टी ने उम्मीदवार नहीं बनाया है। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा अपनी हार देख बौखलाई हुई है और झूठ के सहारे सत्ता पाना चाहती है, जो जनता कभी संभव नहीं होनी देगी। प्रेसवार्ता में फिल्म जगत के मशहूर कलाकार श्री रंजीत वेदी, एवं अदाकारा सुश्री वैष्णवी मैकडोनल्ड, अरुण बख्शी, जिमी मोसेस ने मेयर पद की प्रत्याशी श्रीमती संगीता जायसवाल एवं पार्षद प्रत्याशियों को अपना समर्थन दिया। प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, विकास श्रीवास्तव, प्रियंका गुप्ता, रफत फातिमा, राजेश जायसवाल, आदि प्रमुख रहे।

# नगर पालिका परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त किया जाएगा –डॉ चित्रलेखा सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर निकाय के चुनाव में अब मात्र 2 दिन शेष बचे हैं ऐसे में अध्यक्ष पद के सभी उम्मीदवार अपनी पूरी ताकत मतदाताओं के बीच रोक दिया है विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रोड शो नुक्कड़ सभाएं कर जनता को रिझाने में लगे हुए हैं तो वही आम आदमी पार्टी से उम्मीदवार डॉ चित्रलेखा सिंह ने भी नगर के प्रमुख क्षेत्रों में तूफानी दौरा करते हुए रोड से निकाला और अपनी लोकप्रियता का एहसास भी लोगों को कराया । जहां एक तरफ भारतीय जनता पार्टी की जनसभा को सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता को संबोधित कर अपने उम्मीदवारों के पक्ष में वोट करने की बात कह रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ आप पार्टी की सशक्त महिला उम्मीदवार तिलकधारी महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ चित्रलेखा सिंह ने नगर उत्तरी में किला रोड से चल कर शाही किला, अटाला मस्जिद , सुतट्टी बाजार , अहियापर , भण्डारी स्टेशन , सब्जीमण्डी , कोतवाली चौराहा , चहारसू चौराहा ,शाहीपुल ओलंदगंज में जबरदस्त रोड शो किया। इस दौरान चित्रलेखा सिंह ने अपने संवाद में कहा कि यदि वह चेयरमैन चली जाती है तो निश्चित रूप से नगर पालिका परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त किया जाएगा महिलाओं के हितों का विशेष ध्यान रखा जाएगा समय से कर्मचारियों का वेतन दिलाया जाएगा नगर की साफ–सफाई बेहतर ढंग से कराई जाएगी



सभी चौराहे सीसीटीवी कैमरे से लैस होंगे हाउस टैक्स ऑफ वाटर टैक्स माफ जरूर किया जाएगा। रोड शो में युवा , नवजवान , महिलाओं ने बीच बीच में तेज बारिश के बावजूद पूरे जोशोखरोश के साथ अपनी ताकत दिखाया । रोड शो में सभी धर्म जाति जैसे हिन्दू , मुस्लिम , सिखा , महिला पुरुष नव जवान सभी वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।रोड शो में तमाम पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षा संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ विजय कुमार सिंह, श्रीकांत माहेशरी , संजय सिंह कुर्री,प्रबंधक महासंघ अध्यक्ष दिनेश तिवारी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष विवेक सिंह, जेसीआई अध्यक्ष शशांक सिंह रानू, प्रदीप सिंह रिंकू, मॉर्निंग वॉकर क्लब , गायक अवनीश तिवारी , सर्वेश जायसवाल , रवि जायसवाल ,विजय सिंह एडोकेट, सिख समुदाय के तमाम लोग , अलग अलग मुस्लिम कमेटी के पदाधिकारी , व्यापार मण्डल, छात्र संघ के नेता गण, समाजसेवी महिलाए आदि लोग सम्मलित हुए।

# मेधावी छात्रो को किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय स्टेट बैंक जौनपुर (मुख्य शाखा) द्वारा बी.आर.पी. इण्टर कालेज के यूपी बोर्ड की परीक्षा 2023 मे अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले हाईस्कूल और इण्टर के विद्यार्थियों आकाश यादव 92%, विवेक मौर्य 91.2%, साक्षी यादव 90%, अनुज यादव 87.2%, नितिन यादव 83%, आदित्य मौर्य 82.6%, सुधांशु श्रीवास्तव 81%, अंकित यादव 80%



(इण्टर), उत्कर्ष प्रजापति 88.33%, आनंद 85.5%, यश गुप्ता 85.5%, आरुषि 84.5%, जिज्ञासु गौतम 84.16%, प्रिया 83%, ज्योति सोनकर 80% (हाई स्कूल) को माल्यार्पण करते हुए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । बैंक मैनेजर रवि मेहरोत्रा और डिप्टी मैनेजर योगेश कुमार पाठक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और बैंक द्वारा शिक्षक कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए दी जा रही बेहतर सुविधाओं के विषय में बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सुभाष चंद्र सिंह ने पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विद्यालय का रिजल्ट जनपद में बेहतर आने के लिए उत्कृष्ट एवं सरल सुबोध शिक्षण तकनीक से श्रेष्ठ परिणाम देने में सहायक सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों को भविष्य में और श्रेष्ठ प्रदर्शन केलिए प्रेरित किया जिससे बच्चों के साथ साथ विद्यालय का नाम प्रदेश में रोशन हो सके। विद्यालय के प्रवक्ता एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शुभाशीर्वाद देते हुए कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेते हुए भविष्य में श्रेष्ठ कीर्तिमान स्थापित करने का दृढ़ संकल्प लेने की बात कही। सम्मान समारोह में प्रकाशचन्द्र यादव, राजीव श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, जगत प्रकाश श्रीवास्तव, मंजू देवी, डॉ विमल श्रीवास्तव, सोम कुमार वर्मा, डॉ आकाश श्रीवास्तव, हीरालाल, विजय प्रकाश पांडे, योगेंद्र त्रिपाठी, विराज राज यादव, आनंद श्रीवास्तव, प्रमोद सिंह, संजीव कुमार सिंह, प्रेम कुमार यादव, राहुल सिंह, मोहम्मद रजा खान, मनोज दत्त मिस्र, संतोष श्रीवास्तव, अजय कुमार, विजय कुमार यादव, रतन सिंह, विवेक सिंह, मनोज कुमार, , जितेंद्र कुमार, विनय कुमार, अनिल कुमार, शशि प्रकाश आदि शिक्षक औरशिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चुनाव आचार संहिता मामले में पेश हुए अब्बास अंसारी : आरोप मुक्त किए जाने की अर्जी खारिज

मऊ ब्यूरो : चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में आरोपी विधायक अब्बास अंसारी की पेशी मंगलवार को कासगंज जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। इस दौरान आरोपियों की ओर से आरोप से मुक्त किए जाने के लिए दी गई अर्जी को सुनवाई के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी/ एमएलए कोर्ट श्वेता चौधरी ने खारिज कर दिया। साथही मामले में आरोप तय करने के लिए 6 मई की तिथि नियत किया। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार उपनिरीक्षक आदर्श श्रीवास्तव की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई। आरोप है कि विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद विजयी प्रत्याशी अब्बास अंसारी 10 मार्च 21 को बिना अनुमति के अपने समर्थकों के साथ विजय जुलूस निकाला। जिससे सड़क जाम हो गई। शहर कोतवाली पुलिस ने मामले की एफआईआर दर्ज कर बाद विवेचना विधायक अब्बास अंसारी, गणेशदत्त मिश्रा, मोहम्मद मुशा आदि के



विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट मे भेजा गया है। मामला सीजेएम/ एमपी एमएलए कोर्ट में विचाराधीन चल रहा है। जिसमें आरोपियों की ओर से प्रार्थना पत्र देकर आरोप से मुक्त किए जाने की मांग की गई थी। जिसे आरोपियों के अधिवक्ता और एपीओ रविंद्र प्रताप यादव के तर्कों को सुनने के बाद सीजेएम एमपी /एमएलए कोर्ट श्वेता चौधरी ने अर्जी को खारिज कर दिया। तथा आरोप तय करने के लिए 6 मई की तिथि नियत किया।

# सीएसआईआर–सीडीआरआई में स्वच्छता के लिए शपथ लेने के साथ स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ शुभारम्भ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। महात्मा गांधी ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था जो न सिर्फ आजाद हो बल्कि स्वच्छ और विकसित भी हो। उन्होंने कहा कि आजादी से ज्यादा जरूरी स्वच्छता है। गांधी जी के मार्गदर्शन एवं सोच के अनुसार तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत, हमारा कर्तव्य है कि हम देश को साफ और स्वच्छ रखकर भारत माता की सेवा करें, इसलिए इस संदर्भ में, सीएसआईआर–सीडीआरआई, लखनऊ में दिनांक 1 मई से 15 मई 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा 2023 आयोजित किया जा रहा है। संस्थान में स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह के साथ पन्द्रह दिवसीय समारोह की शुरुआत हुई। निदेशक डॉ. राधा रंगराजन सहित स्टाफ और वैज्ञानिकों तथा छात्रों ने संकल्प लिया कि वे स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे और इसके लिए समय देंगे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमारे आसपास की स्वच्छता हमारे मन की स्वच्छता को दर्शाती है इसलिए हमें अपनी आंतरिक एवं बाहरी स्वच्छता के बारे में ध्यान अवश्य देना चाहिए। इस मौके पर स्वच्छता पखवाड़ा समारोह के संयोजक, इंजीनियर रणवीर सिंह ने समारोह के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, इस आयोजन के लिए विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाई गई है। वृक्षारोपण के साथ नए लॉन की सफाई एवं बेहतर बनाना, सीडीआरआई निवासियों के बीच जागरूकता अभियान चलाना, स्वच्छ एवं हरित परिसर के लिए सीएसआईआर–सीडीआरआई परिवार द्वारा श्रमदान,



पुराने एवं अप्रचलित उपकरणों का निपटान, पुराने अभिलेखों का डिजिटाइजेशन एवं छंटाई करना, वाटर कूलर, प्यूरिफायर एवं पानी की टंकियाँ की सफाई, एचवीएसी प्लांट एयर फिल्टर की सफाई एवं विभागों में ताजे पानी की आपूर्ति, फायर हाइड्रेंट पंप आदि को स्वच्छ बनाए रखना, इमारतों की सफाई, परिसर में पानी के जमाव की जाँच आदि कार्य करने होंगे। सभी प्रयोगशालाओं और कार्यालयों के लिए विभिन्न रंग के अपशिष्ट बिन एवं स्वच्छता किट का वितरण भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक जागरूकता अभियान और रैली भी आयोजित की जाएगी तथा लोगों को जागरूक करने के लिए सीडीआरआई के परिसर के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता के लिए बैनरध्पोस्टर भी लगाए जाएंगे। इस दौरान सीएसआईआर–सीडीआरआई में विशेषज्ञों द्वारा जन जागरूकता पर एक समूहिक चर्चा एवं कुछ व्याख्यान भी आयोजित किए जाएंगे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त आर ओ के साथ बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त आर ओ के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि मतदान कार्मिक पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी एवं तृतीय मतदान अधिकारी रवानगी स्थल पर पहुंचकर रवानगी स्थल के बाहर डिस्प्ले बोर्ड पर अपनी ड्यूटी किस निकाय में और कौन से बूथ पर लगी है का अवलोकन करेंगे। तत्पश्चात निर्धारित उपस्थिति काउंटर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे तथा बूथ की ड्यूटी प्राप्त करेंगे। बूथ की ड्यूटी प्राप्त करने के उपरांत संबंधित आर.ओ काउंटर पर जाकर निर्वाचन सामग्री एवं मतपेटी प्राप्त करेंगे। निर्वाचन सामग्री प्राप्त करने के उपरांत दिए गए चेक लिस्ट के अनुसार समस्त निर्वाचन सामग्रियों, मतपत्रों तथा मतपेटिका को भली भांति चेक कर लें। इसके साथ–साथ निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची का भली–भांति मिलान, मतपत्रों की संख्या का मिलान करने के उपरांत निर्धारित वाहन से अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना होगें। मतदान कार्मिक ध्यान रखें कि निर्धारित वाहन में पहुंचकर अपने सेक्टर मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित करेंगे।यदि किसी कार्मिक द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता बरती जाती है, तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रथम प्राथमिकी दर्ज करते हुए करा दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी मतदान कर्मी कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करेंगे। पोलिंग



स्टाफ मास्क अनिवार्य रूप से पहने। उन्होंने सभी आर. ओ को निर्देशित किया कि बैलट की पैकेजिंग ध्यान से की जाए। आधार कार्ड से मतदान करने वालों के आधार कार्ड की क्यु आर कोड की स्कैनिंग की जाए जिससे फर्जी वोटिंग ना होने पाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी बीएलओ मतदाताओं के पास तक पर्ची पहुंचा दे। ऐसे बूथों को चिन्हित कर लिया जाए जहां पर बड़ी लाइने लगने की संभावना है। कंट्रोल रूम सक्रिय रहे तथा समय से सूचना उपलब्ध कराते रहें। बूथों पर टॉयलेट की साफ–सफाई एवं पानी पीने की व्यवस्था रहे, बुथों पर वैकल्पिक प्रकाश की व्यवस्था रहे। बूथों के अंदर कोई भी मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं करेगा। बैठक में उप जिलानिर्वाचन अधिकारी राम अक्षयवर चौहान, जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर.डी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनाकामना राय सहित समस्त आरओ, उपजिलाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनसंचार के विद्यार्थियों हेतु रोजगार का अवसर –नृपेन भट्ट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर में सोमवार को एक ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार में विद्यार्थियों को स्टार्टअप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वेबीनार के मुख्य वक्ता नृपेन भट्ट ने सभी विद्यार्थियों को इससे संबंधित जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि वह इस क्षेत्र में किस तरह से अपनी शुरुआत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों के साथ–साथ जनसंचार के विद्यार्थियों के लिए भी इसमें काफी उम्मीदें और रोजगार के अवसर हैं। इस मौके पर एक्यूवेशन सेंटर के निदेशक प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने कहा कि जिस विद्यार्थी के पास कोई आईडिया हो तो वह अपने आइडिया को इनक्यूबेशन सेंटर में ला सकता है और यहां उसके आइडिया पर प्रोफेशनल द्वारा जांच कर यह पता लगाया जाएगा की वह आईडिया कितनी कारगर है । इस मौके पर प्रो.अजय प्रताप सिंह, डॉ मनोज मिश्र, डॉ आशुतोष कुमार सिंह, डॉ.अवध बिहारी सिंह, डॉ चंदन सिंह, आदि मौजूद रहे।

## नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यक्रम जारी

जौनपुर सू.वि. : जिला मजिस्ट्रेट अनुज कुमार ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ 09 अप्रैल 2023 द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग द्वारा अधिसूचना जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है जो निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्त होने तक समस्त नगरीय निकाय क्षेत्रों में लागू रहेगी। राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी आदर्श आचार संहिता के किताब के पृष्ठ सं0–9 के बिन्दु सं0–4 (ड) में उल्लेख किया गया है कि मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पहले कोई भी व्यक्ति जो स्थानीय निकाय का निवासी नहीं है, सम्बन्धित स्थानीय निकाय को छोड़ देगा। इसी प्रकार यदि सम्बन्धित जनपद का निवासी नहीं है तो मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व जनपद को छोड़ देगा। उक्त के क्रम में एतदद्वारा आदेशित किया जाता है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 में ऐसे व्यक्ति जो स्थानीय निकाय के निवासी नहीं है वे मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व सम्बन्धित स्थानीय निकाय को छोड़ देंगे तथा ऐसे व्यक्ति जो जनपद के निवासी नहीं है वे मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व यानि दिनांक 02 मई 2023 के सायं 06:0 बजे तक जनपद को छोड़ देंगे।

# सपा ने उषा श्रवण जायसवाल को टिकट देकर कार्यकर्ताओं का बढ़ाया सम्मान –नरेश उत्तम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल नगर पालिका चुनाव के सिलसिले में आज जनपद जौनपुर में आए अब विभिन्न नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह भारतीय जनता पार्टी ने नगर निकाय चुनाव में हताशा नजर आ रही है उससे साफ जाहिर हो रहा है कि इस बार नगर निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी के कैंडिडेट ऐतिहासिक मतों से चुनाव जीतेंगे भाजपा ने सब को परेशान करने का काम किया व्यापारियों को सबसे ज्यादा प्रताड़ित किया। मुसलमान को लगातार प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है ।समाज के हर वर्ग परेशान है प्रदेश में मैंने विभिन्न जिलों का दौरा किया जनता का अपार समर्थन इतना पहले कभी समाजवादी पार्टी को नहीं मिला था जितना इस समय हर वर्ग दे रहा है नगर में किसी प्रकार का कोई विकास नहीं किया है चारों तरफ टूटी फूटी सड़कें गंदगी बजबजाती नालीयों से लोग बहुत परेशान है यहां तो मै देख रहा हूं समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी उषा जयसवाल का प्रचार इस नगर की जनता कर रही है भाजपा से लोग मुक्ति चाहते हैं यहां का 20 साल का चेयरमैन लगातार बसपा और भाजपा के गठबंधन की वजह से चुनाव जीता था आज समाजवादी पार्टी ने व्यापारिय



वर्ग के पुराने कट्टर समाजवादी पार्टी उषा श्रवण जायसवाल को टिकट देकर कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ाया है निश्चित रूप से समाजवादी पार्टी यहां ऐतिहासिक मत से उषा जायसवाल यहां की नगर पालिका अध्यक्ष बनने जा रही हैं मुख्य रूप से जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल,विधायक लकी यादव, पूर्व विधायक लंलन प्रसाद यादव, लालबहादुर यादव, अरशद खान,बिरजू राम,पूर्व अध्यक्ष,राजबहादुर यादव,उषा जयसवाल, श्रवण अली मंजर डेजी ,शकील अहमद,साजिद अलीम,राहुल त्रिपाठी,अनवारुल हक गुड्डू,लाल मोहम्मद रायनी,दीपचंद राम,इर्शाद मंशूरी,आरीफ हबीब,जयहिंद यादव, राजनाथ यादव,रुक्सार अहमद,विवेक रंजन शहनवाज,,दिनेश फौजी बच्चा यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# सौ से ज्यादा संपत्तियों के मिले दस्तावेज : पांच राज्यों के 60 ठिकानों पर हुई छापेमारी

लखनऊ ब्यूरो : सरिया कारोबार व रियल एस्टेट से जुड़े गैलेंट समूह पर पांच राज्यों में चल रही आयकर विभाग के छापे की कार्रवाई रविवार की देर रात रुकी। पांच दिनों तक चली इस कार्रवाई में सौ से ज्यादा संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं। कई करोड़ की ये संपत्तियां बेनामी मानी जा रही हैं। 26 अप्रैल को आयकर विभाग ने यूपी, गुजरात, पश्चिम बंगाल, दिल्ली व बिहार में इस समूह के 60 ठिकानों पर कार्रवाई शुरू की थी। संदिग्ध दस्तावेजों के साथ समूह के संचालकों व साझेदारों के पास कई अफसरों की काली कमाई के प्रमाण चौट आदि के जरिए मिले थे। इन अफसरों के खिलाफ ऑपरेशन बाबू साहब के तहत कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। छापे में सौ से ज्यादा संपत्तियों के दस्तावेज मिलना बड़े खेल की तरफ इशारा कर रहे हैं। विभाग इन सभी के वास्तविक मालिक की तलाश शुरू करने जा रहा है। जिन्होंने संपत्तियां खरीदी हैं उनसे भी पूछताछ होगी। साथ ही वे लोग भी जांच के दायरे में आएंगे जो इस अवधि में समूह के संपर्क में आए और फिर अचानक गायब हो गए। ऐसे कुछ लोगों की फोन कॉल और चौटिंग पर भी टीम काम कर रही है। 35 लोगों के बयान दर्ज विभाग ने 35 लोगों के बयान दर्ज किए हैं। इनमें समूह के संचालक, पार्टनर, प्रमोटर, गारंटर, कर्मचारी आदि शामिल हैं। इसमें करोड़ों के संदिग्ध बैंक ट्रांजेक्शन का भी पता चला है, जिसके बारे में कंपनी के संचालक संतोषजनक जवाब नहीं दे सके




हैं। मंगलवार को खोले जा सकते हैं लॉकर सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग की टीमें सोमवार को ही समूह के लॉकर खोलने की तैयारी कर रही थी, पर छापे की कार्रवाई बंद करने और इसका पूरा लेखा–जोखा तैयार करने में रात हो गई। माना जा रहा है कि मंगलवार को ये लॉकर खोले जा सकते हैं। साथ ही, सौ से ज्यादा बैंक खातों को भी फ्रीज कराया जाना है। इनकी सूची भी संबंधित बैंकों को भेजी जा रही है। इस पूरे मामले अब तक आयकर विभाग की टीमें 35 लोगों के बयान दर्ज कर चुकी हैं। इसमें समूह के संचालक, पार्टनर, प्रमोटर, गारंटर, कर्मचारी आदि शामिल हैं। कुछ और लोगों से भी पूछताछ की बात सामने आ रही है। करोड़ों रुपये के संदिग्ध बैंक ट्रांजेक्शन का भी पता चला है, जिसके बारे में गैलेंट के संचालक संतोषजनक जवाब नहीं दे सके हैं।

## लाई डिटेक्टर : पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए क्यों नहीं दी अर्जी : कोई बयान नहीं उगलवा सकी एसआईटी

प्रयागराज ब्यूरो : अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के पीछे का सच जानने को गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) शूटरों के बयान पर ही अटक कर रह गया है। 15 दिन बीतने के बाद भी हत्या की वजह, साजिश समेत अन्य सवालों को लेकर उसके पास शूटरों के बयान के अलावा कोई ठोस जवाब नहीं है। इसके अलावा हत्या में प्रयुक्त असलहों के बाबत दिए गए शूटरों के बयान की तस्दीक के लिए भी कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। शूटर सच बोल रहे हैं या झूठ, इसकी तस्दीक के लिए अब तक उनके लाई डिटेक्टर या पॉलीग्राफ टेस्ट कराने को लेकर भी कोई पहल नहीं की गई।हत्याकांड में पकड़े गए तीनों शूटर वारदात के तुरंत बाद से ही कहने लगे थे कि उन्होंने नाम कमाने के लिए ऐसा किया। इसके बाद एसआईटी ने उन्हें पांच दिन तक कस्टडी रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ भी की, लेकिन शूटरों से कोई राज नहीं उगलवा सकी। 23 अप्रैल को कस्टडी रिमांड खत्म होने के बाद भी एसआईटी के पास हत्या की वजह के तौर पर शूटरों का बयान ही रहा। न किसी साजिशकर्ता का नाम आया और न ही किसी मददगार का नाम शूटरों ने लिया। अलग–अलग जिलों के शूटरों का कनेक्शन कैसे हुआ, इसे लेकर भी तमाम खबरें आईं। लेकिन पुलिस की तरफ से कोई ऐसी जानकारी नहीं दी गई, जिससे पता चले कि तीनों शूटर आखिर कब मिले। असलहे दिल्ली से आए तो टीम क्यों नहीं गई जांच के लिए? प्रकरण में एक सवाल हत्याकांड में प्रयुक्त प्रतिबंधित पिस्टलों को लेकर भी है। शूटरों से बरामद जिगाना पिस्टल के संबंध में दिल्ली के गोगी गैंग का नाम सामने आया। सवाल यह है कि अगर ऐसी कोई भी जानकारी सामने आई तो क्या एसआईटी के सदस्य इसकी कड़ियां जोड़ने के लिए दिल्ली गए। कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है, ऐसे में एसआईटी शूटरों के गोगी गैंग से कनेक्शन की बात नकार भी सकती है। फिर सवाल यह उठता है कि सात लाख रुपये मूल्य की तुर्किये में बनी पिस्टल आखिरकार बांदा, हमीरपुर और पानीपत में रहने वाले तीन बेहद लो प्रोफाइल अपराधियों के पास कैसे आई?

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ऑटो चालक को मारी टक्कर : ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत



वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में चौबेपुर क्षेत्र उमरहां बाजार के पास शनिवार की रात आठ बजे ई रिक्शा चालक सुरेंद्र पटेल (45 वर्ष) पुत्र लालचन्द्र पटेल निवासी ग्राम बरियासनपुर की सड़क हादसे में मौत हो गई। ई रिक्शा चालक सुरेंद्र पटेल ई रिक्शा लेकर उमरहां बाजार से विपरीत दिशा से डुबकियां बाजार जा रहा था। तभी तेज रफ्तार से वाराणसी की तरफ जा रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे ई–रिक्शा चालक के सिर में गंभीर चोट लगने से काफी रक्तस्राव होने लगा। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एम्बुलेंस मंगाई और पं दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पिटल ले जाया गया। लेकिन हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें ट्रामा सेंटर भेज दिया । जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक दो भाई तीन बहन हैं। सबसे बड़ा मृतक सुरेंद्र पटेल ही था। उसकी शादी हुई थी लेकिन कोई संतान नहीं थी।

# बिजली दर की बढ़ोतरी पर लग सकती है रोक : बिजली कंपनियों का प्रस्ताव हो सकता है खारिज

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में बिजली दर की बढ़ोतरी पर रोक लगने की संभावना है। बिजली कंपनियों की ओर से बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव खारिज भी हो सकता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। फिलहाल पॉवर कारपोरेशन ने विद्युत नियामक आयोग में अपना जवाब दाखिल कर दिया है। प्रदेश के निगमों की ओर से बीते दिनों बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया है। इस पर सुनवाई पूरी हो चुकी है। इसी बीच विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में याचिका लगाई है। इसमें बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के निकल रहे 25,133 करोड़ के एवज में अगले पांच वर्षों तक बिजली दरों में सात फीसदी कमी की मांग की गई है। इस पर आयोग ने पॉवर कारपोरेशन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। कारपोरेशन के निदेशक वाणिज्य ने सोमवार को जवाब दाखिल किया है। सूत्रों का कहना है कि वह अपने जवाब में दर



बढ़ाने का कोई भी वाजिब कारण नहीं बता पाए हैं। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि किसी भी कीमत पर बढ़ोतरी नहीं होने दी जाएगी।

# 150 लीटर अवैध कच्ची शराब व 05 कुन्तल लहन मय शराब भट्टी के साथ 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।जनपद अयोध्या थाना पुरा कलंदर चौकी मदरसा अंतर्गत मडहा नदी के किनारे से अपराधी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी अयोध्या के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर रोक लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी में चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष थाना पूराकलन्दर अयोध्या के नेतृत्व में थाना स्थानीय चौकी भदरसा अन्तर्गत मडहा नदी के किनारे से एक अदद शराब फैक्ट्री मय एक अदद ड्रम, एक अदद एल्यूमिनियम पतीला, व एक अदद पाईप प्लास्टिक व 5 कुंटल लहन व 150 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्तगण रामू पुत्र राम जगत निवासी पुरानी बरगदिया उम्र 24 वर्ष थाना पुरा कलंदर जनपद अयोध्या,विशाल पुत्र रामलोचन निवासी फुलवरिया थाना पुरा कलंदर




जनपद अयोध्या उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण को मौके पर गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# आकाशीय बिजली गिरने से अधेड़ की मौत

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।अमानीगंज–अयोध्या।आंधी पानी के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 56 वर्षीय धनीराम पुत्र सुखराम निवासी ताजपुर टिकटी की मौत हो गई । बताया जा रहा है कि मृतक गेहूं की मड़ाई के बाद सिवान में पड़े भूसे को ईकट्ठा करने गया था। खंडासा थाना क्षेत्र के ताजपुर पूरे टिकटी निवासी धनीराम 1 मई को दिन में 2:बजे के लगभग आई तेज आंधी पानी की चपेट में उस समय आ गया, जब वह खेत की मडाई होने के बाद पड़े हुए भूसे को इकट्ठा करने के लिए सिवान में गया था ।उसी समय आकाशीय बिजली गिरने से वह झुलस गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची खंडासा पुलिस ने शव का पंचनामा कराते हुए उसे पीएम के लिए भेज दिया है । बताया गया है कि मृतक का एक लड़का है और मृतक मुख्य रूप से खेती बाड़ी का काम करता था।

# मई की शुरुआत में फरवरी की ठंड का अहसास : टूटा 15 साल का रिकॉर्ड

मेरठ ब्यूरो : मई माह के पहले ही दिन फरवरी माह जैसी ठंड का अहसास लोगों को हुआ है। कुछ सप्ताह पहले तक ही 42 डिग्री तक पारा पहुंच गया था। अब पिछले दो दिन में 22.2 डिग्री तक आ गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार लगभग 15 वर्ष पहले ऐसा मौसम देखने को मिला था। आने वाले तीन दिन तक अभी ऐसी ही बारिश और ठंडा मौसम रहेगा। दरअसल, फरवरी माह के अंत से ही मौसम के तेवर बदलने शुरू हो गए थे और तापमान में तेजी से उछाल आने लगा था। मार्च माह के अंत तक तापमान 32 पार पहुंच गया था। वहीं, अप्रैल माह में ही गर्मी ने प्रचंड रुप दिखाया और तापमान 42 डिग्री तक आ गया। पिछले दो दिन से शहर से लेकर देहात तक बारिश हो रही है। सोमवार को भी दिनभर रुक–रुककर बारिश होती रही। इस कारण तापमान गिरकर 22.2 डिग्री पर आ गया। तापमान में ऐसी गिरावट आने से मई माह के पहले ही दिन फरवरी जैसी ठंड महसूस हुई। 13 मई को अंतिम बार 21.1 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 15 साल पहले ऐसे हालात थे। सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही का कहना है कि अभी तीन दिन तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा। बारिश से तापमान गिरने से ठंड का एहसास बढ़ेगा। मौसम कार्यालय पर दिन का तापमान 22.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री दर्ज किया गया। बारिश 5.8 मिमी दर्ज की गई। 10 मई तक नहीं चलेगी लू, बारिश से किसान चिंतित तीन दिन तक अभी मौसम ऐसा ही बना रहेगा। पांच मई के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा और धीरे–धीरे तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी। अप्रैल माह में लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण लू का प्रकोप दिखाई देने लगा था। मौसम में इस बदलाव के बाद लू का प्रकोप खत्म हो गया है। कृषि प्रणाली के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एन सुभाष का कहना है कि पांच मई के बाद मौसम फिर बदलेगा और तापमान बढ़ेगा, लेकिन 10 मई से पहले लू चलने की संभावना नहीं है। वहीं, मौजूदा मौसम से किसान चिंतित हैं। जिन किसानों की गेहूं की फसल खेतों में मौजूद है। उन्हें ज्यादा परेशानी है। इसके अलावा फूलों और सब्जियों की फसल भी प्रभावित होगी। बारिश के चलते सब्जियों की तुड़ाई न होने से बाजार में सब्जियों के दाम भी बढ़ने लगे हैं। हवा की गुणवत्ता में हुआ सुधार : दो दिन से हो रही बारिश से शहर की हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। सोमवार को मेरठ में एक्यूआई का स्तर 52 दर्ज किया गया। जबकि, जयभीमनगर सबसे शुद्ध रहा। यहां 38 एक्यूआई दर्ज किया गया। गंगानगर में 45 व पल्लवपुरम में 74 एक्यूआई दर्ज किया गया।

# बेटियों को लगेगा सर्वाइकल कैंसर का स्वदेशी टीका : स्वास्थ्य विभाग ने मांगा रिकॉर्ड

गोरखपुर ब्यूरो : भविष्य में बेटियों को सर्वाइकल कैंसर का खतरा न हो, इसके लिए उन्हें स्वदेशी टीका लगाया जाएगा। यह टीका नौ वर्ष से लेकर 14 वर्ष की बेटियों को निशुल्क लगेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने पांचवीं से लेकर 10वीं तक की छात्राओं का रिकॉर्ड मांगा है। पहले चरण में टीका लगने के बाद इसे नियमित टीकाकरण अभियान में भी शामिल किया जाएगा। टीका लगाने से पहले स्त्री रोग विशेषज्ञों की संस्था फेडरेशन ऑफ गायनेकोलॉजी एंड ऑब्सटेट्रिक्स (फाग्सी) अगले माह से सदस्यों को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगाने की ट्रेनिंग देगा। इसके लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. रीना श्रीवास्तव को उत्तर भारत का समन्वयक बनाया गया है। वह 100 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण देंगी। डॉ. रीना श्रीवास्तव ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। यह कैंसर शुरुआती दौर में बेटियों को नहीं पता चलता है। लेकिन, जब शादी हो जाती है तो कुछ सालों बाद इसकी पहचान होती है। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि सीरम इंस्टीट्यूट ने सर्वाइल कैंसर के लिए नई वैक्सीन बनाई है। इसे लगाने की अनुमति भी मिल गई है। पहले चरण में इसकी शुरुआत स्कूलों से की जाएगी। इसके बाद से इसे



नियमित टीकाकरण अभियान में शामिल किया जाएगा। बीआरडी मेडिकल कॉलेज पूर्व विभागाध्यक्ष स्त्री एवं प्रसूति रोग डॉ. रीना श्रीवास्तव ने कहा कि यह टीका नौ से 14 वर्ष की बच्चियों को लगाया जाएगा। पहले चरण में इसकी शुरुआत स्कूलों से होगी। बच्चियों को टीके की एक डोज ही पर्याप्त होगी। 12 से 14 वर्ष की बच्चियों को टीके की दो डोज दी जाएगी।

# हाथ वाला कांग्रेस का नहीं : न ही साइकिल वाला सपा का : प्रत्याशियों को लेकर दिलचस्प नजारा

लखनऊ ब्यूरो : मथुरा–वृंदावन नगर निगम में महापौर पद के विपक्ष के प्रत्याशियों को लेकर दिलचस्प नजारा सामने आया है। जिसे ''हाथ'' चुनाव चिह्न मिला है, उसे कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी नहीं माना है। इसी तरह से जिसे ''साइकिल'' चुनाव निशान मिला है, उससे सपा ने अपना समर्थन वापस ले लिया है। कांग्रेस और सपा, दोनों ने तकनीकी तौर पर निर्दल प्रत्याशी के तौर पर लड़ रहे राजकुमार रावत को अपना समर्थन दिया है। उधर, कांग्रेस हाईकमान ने फैसला किया है कि वह इस प्रकरण की जांच कराएगा कि अनधिकृत प्रत्याशी के पास उसका सिंबल कैसे पहुंचा। मथुरा–वृंदावन नगर निगम में महापौर पद के प्रत्याशी को लेकर कांग्रेस में शुरू से ही जबरदस्त गुटबाजी देखने को मिली। कांग्रेस का एक धड़ा पूर्व चेयरमैन श्याम सुंदर को टिकट दिलवाना चाहता था, पर मथुरा के ही एक कद्दावर कांग्रेसी ने उनका विरोध कर दिया। समीकरण कुछ ऐसे बने कि कांग्रेस ने वहां राजकुमार रावत को अपना प्रत्याशी घोषित किया। बताते हैं कि किसी तरह श्याम सुंदर ने कांग्रेस के सिंबल की जुगाड़ कर ली और उसे अपने नामांकन पत्र के साथ लगा दिया। राजकुमार रावत ने उनके बाद पार्टी के सिंबल के साथ पर्चा भरा। इसलिए रिटर्निंग ऑफिसर ने पहले नामांकन करने वाले श्याम सुंदर को कांग्रेस का चुनाव चिह्न जारी कर दिया। इस तरह से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी राजकुमार रावत ''हाथ'' विहीन हो गए। पूरे प्रकरण में कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि उन्होंने ही श्याम सुंदर के लिए पार्टी के सिंबल की जुगाड़ कराई। इस चुनाव में पार्षद और मेयर पद के प्रत्याशी को पार्टी का चुनाव चिह्न देने के प्रारूप एकसमान है, इसलिए यह कोई मुश्किल काम भी नहीं था। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, पार्टी मुख्यालय से सिंबल के प्रारूप गिनकर संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए थे, ताकि वे उनका अधिकृत प्रत्याशियों को वितरण कर सकें। अब उन पदाधिकारियों से इन फॉर्मों का हिसाब मांगा जा रहा है। ताकि, पता चल सके कि इस खेल में किस पदाधिकारी का हाथ रहा। प्रचार के लिए नहीं गए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्थिति यह हो गई है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मथुरा में प्रचार के लिए भी नहीं जा रहे हैं। उन्हें डर है कि श्यामसुंदर के पक्ष में हाथ का बटन न दबाने की अपील की तो कहीं इसका असर पार्षद प्रत्याशियों के चुनाव पर भी न पड़ जाए। कहीं ऐसा न हो जाए कि मतदाता भ्रमित होकर पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में भी हाथ का बटन न दबाएं। सपा भी दे चुकी कांग्रेस समर्थित को समर्थन सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 10–12 दिन पहले ही मथुरा में अपने प्रत्याशी तुलसीराम शर्मा से समर्थन वापस लेने का फैसला ले लिया था, जिसे 20 अप्रैल के अंक में अमर उजाला ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस फैसले का आधार एक आपत्तिजनक वीडियो का सामने आना बताया जा रहा है। लेकिन, सपा–रालोद गठबंधन ने स्थानीय स्तर पर इसकी घोषणा रविवार को मीडिया के सामने की। सपा–रालोद ने तकनीकी रूप से निर्दल प्रत्याशी के तौर पर लड़ रहे कांग्रेस समर्थित राजकुमार रावत को समर्थन कर दिया है।

# उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ की शाखा इकाई का किया गया गठन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की शाखा इकाई सहकारी इंटर कालेज मिहरांवा का विधिवत गठन किया गया जिसमें अवधेश कुमार सिंह को अध्यक्ष तथा मोहम्मद ताहिर को शाखा



मंत्री निर्वाचित किया गया ।शाखा का निर्वाचन विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शिव शंकर सिंह यादव , जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव तथा जिला संयुक्त मंत्री अखिलेश सिंह की देख रेख में संपन्न हुआ ।जिला अध्यक्ष सुधाकर सिंह एवम् जिलामंत्री प्रमोद सिंह ने लोकतांत्रिक तरीके से शाखा गठन के लिए शाखा अध्यक्ष एवम् मंत्री अपनी बधाई एवम शुभकामना दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवम् कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधान डाकघर गबन मामला : 19 लाख खातों में फंसे हैं 300 करोड़ : लंबे समय से नहीं हो रहा था संचालन

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर मंडल के डाकघरों में करीब 19 लाख निष्क्रिय खाते हैं, जिनमें करीब 300 करोड़ रुपए फंसे हैं। इन खातों में लंबे समय से लेनदेन नहीं किया गया है। इनमें ज्यादातर बचत खाते हैं। वहीं मासिक जमा योजना और एमआईएस श्रेणी के खातों को भी निष्क्रिय मानकर लेनदेन पर रोक लगा दी गई है। इन खातों की भी अगर जांच की जाए तो गबन के बड़े मामले सामने आ सकते हैं। डाकघर का नियम है कि तीन साल तक अगर किसी खाते में लेनदेन नहीं हुआ है तो उसे निष्क्रिय मान लिया जाता है। इन खातों को चालू करवाने के लिए खाताधारक को केवाईसी भरकर जमा करना पड़ता है। विभाग 12 सालों तक निष्क्रिय खातों के खाताधारकों का इंतजार करता है। इस समय सीमा के बीतने के बाद खातों को जब्त कर स्वतः सरकारी कोष में जमा कर दिया जाता है। डाक विभाग की जांच टीम ने जो मामले पकड़े हैं उसमें अधिकारियों ने लापरवाही बरती। निष्क्रिय खातों के रूपये सरकारी खजाने में जमा नहीं कराए। इसकी जानकार डाक कर्मियों थी और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाकर निष्क्रिय खातों से लाखों रूपये गबन कर लिए। सिर्फ गोरखपुर में ही चार डाकघरों से एक करोड़ रुपये से अधिक के गायब होने का आरोप लगा था। मामला खुलने पर गबन करने वाले डाककर्मियों ने 50 लाख रुपये वापस जमा भी करा दिए थे। जांच में जब से गड़बड़ी पकड़ी गई तो शक और गहराता गया। दोबारा शुरू कर सकते हैं खाते, देनी होगी




केवाईसी प्रवर डाक अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि जो खाते साइलेंट श्रेणी में डाले गए हैं, उन्हें अगर खाताधारक दोबारा शुरू कराना चाहता है, तो उन्हें केवाईसी भरनी होगी। साथ ही जरूरी प्रमाणपत्रों के साथ खाता फिर से शुरू करने के लिए प्रार्थना पत्र देना होगा। यदि खाताधारक के नामिनी आते हैं, तो उन्हें भी संबंधित प्रक्रिया पूरी करनी होगी। वेलफेयर स्कीम में जमा करवाना होता है धन 12 साल तक खाताधारक का इंतजार किया जाता है। इसके बाद रिपोर्ट मंत्रालय को भेज दी जाती है। मंत्रालय की अनुमति मिलने के बाद निष्क्रिय खातों की रकम वेलफेयर स्कीम के तहत सरकारी खजाने में जमा करा दी जाती है।

# जून माह तक साहिबाबाद से दुहाई तक 180 किमी की रफ्तार से दौड़ेगी रैपिड रेल

मेरठ ब्यूरो : दिल्ली से मेरठ के बीच सुगम व त्वरित यातायात के लिए बन रहे देश के पहले रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के पहले चरण का काम करीब पूरा हो चुका है। करीब 17.2 किलोमीटर लंबे पहले चरण के रूट पर ट्रायल रन पूरा करने के बाद अब कामर्शियल रन शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। संभावना है कि जून तक गाजियाबाद के साहिबाबाद से दुहाई के बीच रैपिड रेल का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए रेल सुरक्षा आयुक्त को रैपिड रेलवे ट्रैक के निरीक्षण के लिए पत्र लिखा जा चुका है। रेल सुरक्षा आयुक्त से अनापत्ति मिलने के साथ ही इस रूट पर रैपिड रेल दौड़ाई जाएगी। बता दें कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने मिलकर दिल्ली से मेरठ के बीच रैपिड रेल चलाने के लिए आरआरटीएस का काम शुरू किया था। करीब 82 किमी. लंबे मार्ग का निर्माण काफी तेजी से कराया जा रहा है। इसमें पहले चरण का काम करीब समाप्त हो चुका है। पहले चरण के 17.2 किमी. मार्ग पर फरवरी में कराए गए ट्रायल रन के सफल होने के बाद अब इस रेल खंड पर रैपिड रेल की नियमित परिचालन शुरू करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए दुहाई यार्ड में रैपिड रेल कॉरिडोर के ऑपरेशन एंड कमांड कंट्रोल सेंटर के निर्माण का काम भी अंमित चरण में है। पूरे रूट पर चलने वाली सभी रैपिड ट्रेनों का संचालन और नियंत्रण संचालन इसी केंद्र से किया जाएगा। 180 किमी की रफ्तार से दौड़ेगी पहले चरण के रैपिड रेल मार्ग पर पांच स्टेशन होंगे। इनमें



साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर और दुहाई शामिल हैं । इस रेल मार्ग पर रैपिड रेल 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी, जो देश की सबसे तेज गति से चलने वाली ट्रेन होगी। योजना के मुताबिक दिल्ली से मेरठ के रूट पर कुल 30 रैपिड रेल चलाने की योजना है, लेकिन फिलहाल सिर्फ 13 ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। 2025 तक पूरा होगा काम दिल्ली से मेरठ तक बन रही आरआरटीएस का काम दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ट्रायल का काम पूरा हो चुका है। रेलवे ट्रैक की सुरक्षा जांचने के लिए रेल संरक्षा आयुक्त कार्यालय को सूचना भेज दी गई है । वहां के अधिकारी रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करके जल्द ही अपनी रिपोर्ट देंगे। उनकी एनओसी मिलने के बाद रैपिड रेल का कामर्शियल रन शुरू कर दिया जाएगा । – नितिन रमेश गोकर्ण, प्रमुख सचिव आवास एवं नियोजन उप्र

# खड़ी स्कूली बस में रोडवेज ने मारी टक्कर : मची चीख–पुकार

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में गोला इलाके के पटौहा चौराहे पर सोमवार सुबह खड़ी स्कूली बस में पीछे से रोडवेज की बस ने टक्कर मार दी। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। लेकिन, बच्चे डर की वजह से चीखने लगे। सूचना पर उनके परिजन भी पहुंच गए और बच्चों को लेकर घर गए। पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में भी लिया, लेकिन स्कूल के प्रबंधक की ओर से कार्रवाई नहीं करने का प्रार्थना पत्र मिलने के बाद बस को छोड़ दिया गया। हादसे की वजह एक साइकिल सवार को बचाना सामने आया है। गोल के केबीएस एकेडमी की बस सोमवार सुबह 28 बच्चों को लेकर पटौहा चौराहे पर पहुंची थी। चालक गोला के रमेश सिंह बस को किनारे खड़ा करके एक बच्चे के आने का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान गोरखपुर–सोनौली रोडवेज की बस एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गई और पीछे से स्कूली बस में टक्कर मार दी। हादसे के बाद बच्चे चीखने लगे और




आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। रोडवेज बस को रोकने के साथ ही ग्रामीणों ने बच्चों को शांत कराया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बच्चों के अभिभावकों को फोन किया, जिसके बाद वे भी मौके पर पहुंच गए।

# अतीक की बहन आयशा नूरी की सरेंडर अर्जी पर सुनवाई टली : आठ मई मिली अगली तारीख

प्रयागराज ब्यूरो : उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद की फरार बहन आयशा नूरी की सरेंडर अर्जी टल गई है। आयशा ने वकीलों के माध्यम से कोर्ट में आत्मसमर्पण करने के लिए अर्जी दी थी। मामले की अगली सुनवाई आठ मई को होगी। आयशा ने उमेश पाल हत्याकांड में इनामी शूटर गुड्डू मुस्लिम को घर में संरक्षण दिया था। गुड्डू मुस्लिम को संरक्षण देने वाली अतीक की बहन आयशा नूरी मेरठ में रहती है। आयशा पर 50 हजार रुपये का इनाम है। आयशा मामले में फरार चल रही है। पुलिस को उसकी तलाश है। बता दें कि उमेश पाल हत्याकांड में इनामी शूटर गुड्डू मुस्लिम उर्फ गुड्डू बमबाज अतीक की बहन आयशा और बहनोई डॉ. अखलाक के घर 17 घंटे तक रुका था। अखलाक से पूछताछ में पता चला है कि वह दिनभर टीवी और अखबारों की खबरों पर नजरें गड़ाए रहा। उसने तमाम बातें भी बताईं। धूमनगंज में 24 फरवरी की शाम उमेश पाल की हत्या के समय गुड्डू मुस्लिम बमों से भरा झोला लिए था। उसने कई बम मारे थे। सिपाही राघवेंद्र सिंह को भी गुड्डू ने ही बम फेंककर घायल किया था। बाद में राघवेंद्र की मौत हो गई थी।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।